न्यायालय कलक्टर, एवं जिला मजिस्ट्रेट चित्तौड़गढ़ (राज.)
पीठासीन अधिकारी शिवांगी स्वर्णकार, आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या 08/2019 (रे.वि.)
पंजीयन दिनांक 15.01.2019

कॉर्पोरेशन बैंक मीरा मार्केट के पास, चित्तौड़गढ़ राजस्थान जरिये प्राधिकृत अधिकारी
–प्रार्थी

बनाम

1–मैसर्स टी. एस. इंजिनियरिंग वर्क्स पताः– 12–13, बिरला सीमेंट के सामने, चन्देरिया, चित्तौड़गढ़ राजस्थान
2–श्री जसपाल सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री तीर्थ सिंह पताः– 12–13, बिरला सीमेंट के सामने, चन्देरिया, चित्तौड़गढ़ राजस्थान
3–श्री अमरीक सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री तीर्थ सिंह पताः– 12–13, बिरला सीमेंट के सामने, चन्देरिया, चित्तौड़गढ़ राजस्थान
4–श्री रमेश शाह पुत्र श्री हरी नारायण शाह पताः– 2/3, सेक्टर–2, महादेव नगर, चित्तौड़गढ़ राजस्थान

–अप्रार्थीगण

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 14 वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण, पुनर्गठन ओर प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002

उपस्थिति : 1– श्री राजेन्द्र सिंह चुण्डावत, अधिवक्ता प्रार्थी

आदेश

दिनांक 05.03.2019

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 14 वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण, पुनर्गठन ओर प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अप्रार्थीगण के विरूद्ध प्रस्तुत किया। प्रार्थना–पत्र के संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी बैंक द्वारा अप्रार्थीगण को राशि रूपये 15,00,000/– रू. की ऋण सुविधा उपलब्ध कराई गयी है। ऋण राशि के पुनर्भुगतान हेतु अप्रार्थीगण द्वारा अपनी निम्न सम्पत्ति को प्रार्थी बैंक के पक्ष में रहन कर दिया। अप्रार्थीगण द्वारा नियमित रूप से प्रार्थी बैंक को ऋण का भुगतान करने में असफल रहने पर प्रार्थी द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस जारी किये गये, किन्तु अप्रार्थीगण द्वारा बकाया राशि जमा नहीं कराये जाने से यह आवेदन प्रस्तुत किया गया।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर विपक्षीगण को सूचना पत्र जारी किये गये। विपक्षीगण के नोटिस, विपक्षीगण ताला लगाकर काफी समय से बाहर चले गए हैं कि टिप्पणी के साथ प्राप्त होने तथा प्रार्थी बैंक द्वारा विपक्षीगण को 13 (2) के नोटिस पूर्व में ही अखबार में प्रकाशन के माध्यम से तामील करा दिये जाने से बहस प्रकरण प्रार्थी सुनी गई।

प्रकरण संख्या 08/2019 (रे.वि.)
कॉर्पोरेशन बैंक मीरा मार्केट के पास चित्तौड़गढ़ बनाम मैसर्स टी. एस. इंजीनियरिंग वर्क्स चंदेरिया वगैरा

बैंक के प्रतिनिधि ने प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों को दोहराते हुए कथन किया कि प्रार्थी बैंक एक नियमित निकाय है, जो अपनी शाखाओं के माध्यम से बैंकिंग व्यवसाय करती है। प्रार्थी बैंक ने इस शाखा से अप्रार्थीगण को उक्त ऋण सुविधा उपलब्ध कराई गयी जिसके तहत रहन की गई जायदाद का विवरण निम्न है:-
बंधक अचल सम्पत्ति गैर रिहायशी प्लाट न. 12 में (दक्षिण की तरफ का हिस्सा) एवं प्लाट न. 13 (क्षेत्रफल 551 वर्ग फीट) आराजी न. 182/1 चन्देरिया भीलवाड़ा रोड चित्तौड़गढ़ राजस्थान एवं स्टॉक & बुक डेब्ट

उक्त सम्पति प्रार्थी बैंक के पक्ष में रहन रख कर ऋण स्वीकृत किया गया था। अप्रार्थीगण द्वारा प्रार्थी बैंक को ऋण व ब्याज की राशि नियमित भुगतान नहीं करने पर, प्रार्थी बैंक द्वारा अप्रार्थीगण को नोटिस दिये जाने के उपरान्त भी राशि का भुगतान नहीं किया गया है। जिससे अप्रार्थीगण के जिम्मे दिनांक 30.09.2018 तक राशि रूपये 16,34,184/- रूपये तथा ब्याज व अन्य चार्जेज देय निकलते है। उक्त राशि का भुगतान नहीं करने से अप्रार्थीगण स्वयं जिम्मेदार है। अतः अप्रार्थीगण द्वारा बतौर जमानत प्रार्थी बैंक के पक्ष में रहन रखी गयी सम्पति का कब्जा जरिए पुलिस इमदाद प्रार्थी बैंक को दिलाया जावे।

हमने पत्रावली का गहनता से अवलोकन किया। प्रार्थी की बहस पर मनन किया। प्रार्थी बैंक द्वारा अप्रार्थीगण को ऋण उपलब्ध कराये जाने से इस राशि के पुनर्भरण हेतु बतौर प्रतिभूति उक्त जायदाद अप्रार्थीगण ने बैंक के पक्ष में रहन रखी है। बैंक द्वारा अप्रार्थीगण को नोटिस दिये जाने के उपरान्त भी उपरोक्त बकाया राशि जमा नहीं कराई गयी है। द सिक्योरिटाईजेशन एण्ड रिकन्सट्रक्शन ऑफ फाईनेन्शियल एसेट्स एण्ड एनफोर्समेन्ट ऑफ सिक्योरिटी इन्टरेस्ट (सेकण्ड) एक्ट, 2002 की धारा 14 में सर्व प्रथम उक्त रहन रखी गयी सम्पति को प्रार्थी बैंक के कब्जे में दिलाये जाने का स्पष्ट प्रावधान है। अतः ऋणी द्वारा बैंक में रखी गयी सम्पति का कब्जा प्रार्थी बैंक को दिलाया जाना उचित है।

अतः प्रार्थना-पत्र स्वीकार किया जाकर अप्रार्थीगण द्वारा बैंक के पक्ष में रखी गयी पैरा संख्या 3 में वर्णित सम्पत्ति का कब्जा प्रार्थी बैंक प्रतिनिधि को जरिये पुलिस संभलाये जाने के आदेश दिये जाते हैं।

'निर्णय खुले न्यायालय में सुनाया गया।'

(शिवांगी स्वर्णकार)
कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट
चित्तौड़गढ़

Web Copy - Not Official